>

Title : Issue regarding abduction of two Italians and an M.L.A. in Odisha.

श्री निशिकांत दुबे (गोड्डा): अध्यक्ष महोदया, मैं एक महत्वपूर्ण मुद्दा जो मैं पहले भी सदन में उठा चुका हूं, उड़ीसा में जो इटली के लोगों का एबडक्शन हुआ है और अब विधायक झीना निकाका का हुआ है, शैडयूल्ड ट्राइब से संबंधित है, कोरापुर जिले से हुआ है और इसके बारे में होम मिनिस्टर साहब को सदन में जवाब देना था। 8 दिन बीत गये हैं …(व्यवधान) लेकिन होम मिनिस्टर की तरफ से कोई आश्वासन नहीं आया है। …(व्यवधान) दूसरे जो उन्होंने डिमांड रखी है और उस दिन जो कुछ बातें कहीं गई थीं, उनकी एक डिमांड है कि ट्राईबल एरिया में टयूरिज्म को बढ़ावा नहीं दिया जाए।…(व्यवधान) इसी तरह की घटना आपने अंडमान निकोबार में देखी है। इसी तरह की घटना आप उड़ीसा में देख रहे हैं।…(व्यवधान) कंवर्शन एक बड़ा विषय है। दुमका हो या मलकानगिरि हो…(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : अब आप बैठ जाइये।

श्री निशिकांत दुबे : मैडम, मुझे दो मिनट के लिए सुन लिया जाए। मेरी मांग है की इस मामले में मिनिस्टर को जवाब देना चाहिए और इस तरह के मुद्दे को सैटल करना चाहिए।